





## एक नजर में

### माकड़खेड़ा नर्मदा पुल से युवक ने लगाई छलांग, अस्पताल में मृत घोषित

**कसरावद, निप्र ।** माकड़खेड़ा नर्मदा पुल से एक युवक ने नदी में छलांग लगा दी। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने 108 एम्बुलेंस को बुलाया। युवक को गंभीर हालत में कसरावद के शासकीय अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान भोला पिता पूनम चंद टटवारे, निवासी वार्ड क्रमांक 5, कसरावद* के रूप में हुई है। मामला कसरावद पुलिस थाने का है। पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है।



### एक्टिव योगा क्लब के सदस्यों ने किया नमोकार धाम में योगाभ्यास का आयोजन



**सनावद, निप्र ।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर एक्टिव योगा क्लब के सदस्यों द्वारा नमोकार धाम में योगाभ्यास का आयोजन किया गया ।यह जानकारी देते हुए योग प्रशिक्षक अमरदीप कौर कपूर ने बताया कि नियमित योग का अभ्यास शारीरिक स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभप्रद है ।योग के अभ्यास से विचारों में सकारात्मकता एवं मन में शांति और प्रफुल्लता आती है। इस अवसर पर एक्टिव योगा क्लब के सदस्यों ने नियमित योगाभ्यास को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया।

### रहवासी पिछले करीब दो माह से पेयजल संकट से जूझ रह



**बड़वाह, निप्र ।** कस्बा पंचायत के शनि मंदिर एवं नर्मदा रोड क्षेत्र के रहवासी पिछले करीब दो माह से पेयजल संकट से जूझ रहे हैं। क्षेत्रवासियों का आरोप है कि बार-बार शिकायत और निवेदन करने के बावजूद उन्हें नियमित जलप्रदाय नहीं मिल रहा है, जिससे दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है। समस्या के निराकरण की मांग को लेकर सोमवार को क्षेत्र के रहवासी नगर पालिका कार्यालय पहुंचे और नगर पालिका अध्यक्ष राकेश गुप्ता को आवेदन सौंपकर अपनी परेशानी से अवगत कराया। आवेदन में उल्लेख किया गया है कि शनि मंदिर क्षेत्र में पिछले दो माह से पानी की आपूर्ति बंद है। कई बार संबंधित अधिकारियों और पंचायत से शिकायत करने के बाद भी कोई ठोस समाधान नहीं निकला है। रहवासियों ने बताया कि भीषण गर्मी और बढ़ती जल आवश्यकता के बीच पेयजल नहीं मिलने से परिवारों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मजबूरी में लोगों को निजी स्रोतों और टैंकरों पर निर्भर रहना पड़ रहा है। नगर पालिका अध्यक्ष राकेश गुप्ता ने रहवासियों की समस्या गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर जल्द से जल्द जलप्रदाय व्यवस्था सुचारू कराने का आश्वासन दिया।

### शहर में चार स्थानों पर बनेंगे संपवेल-ओवरहेड टैंक

**खरगोन, निप्र ।** शहर में विकास कार्यों को गति देने के लिए सोमवार को नगर पालिका परिषद का साधारण व्यापक सम्मेलन नपा के सभाहॉल में हुआ। इसमें शहर विकास से जुड़े 30 बिंदुओं पर परिषद सदस्यों व अफसरों ने मंथन किया। बिंदूवार चर्चा के बाद सभी बिंदूओं पर परिषद ने सहमति जताते हुए प्रस्ताव पारित किए। सम्मेलन के दौरान शहर की बढ़ती आबादी और पेयजल खपत को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए चार अलग-अलग स्थानों पर संपवेल-ओवरहेड टेंक निर्माण पर सहमति बनी है ।इसके अलावा शहर के सबसे बड़े गायत्री मंदिर तिराहे का विकास वसुदेव कुटुंबकम थीम पर किया जाएगा। सभी 33 वार्डों में सडक़ व नालियों के काम होंगे। जबकि सफाई व्यवस्था को मजबूत करने के लिए जरूरी उपकरणों, वाहनों की खरीदी की जाएगी। सीएमओ कमला कोल ने बताया दोपहर 12 बजे से शुरू हुए इस सम्मेलन में कुल 30 बिदुओं पर मंथन किया गया। इसमें 1.25 करोड़ की प्रशासनिक व वित्तीय स्वीकृति जवाहर नगर बगीचे के उत्थान को लेकर मिली। इसके अलावा श्रीकृष्ण तिराहे, पीजी कॉलेज के सामने, बिस्टान नाका तिराहा, मायादेवी काम्पलेक्स के सामने, कुंदा नदी तट पर भी सौंदर्यीकरण के कार्य किए जाएंगे। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि एसडीआरएफ योजना के तहत प्रस्तावित नाले वार्ड 28 बिस्टान रोड नहर किनारे से बिस्टान रोड तिराहा घाटी जिन तकए वार्ड 4 में चमेली की बाड़ी से कृष्ण कुंज कॉलोनी तक का निर्माण निकाय निधि से होगा।

### हर घर जल के लक्ष्य को लेकर कलेक्टर मित्तल ने की सख्त समीक्षा



**खरगोन, निप्र।** कलेक्टर भव्या मित्तल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागृह में जिला जल एवं स्वच्छता समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित योजनाओं की गहन समीक्षा करते हुए कलेक्टर सुश्री मित्तल ने स्पष्ट किया कि जलापूर्ति से जुड़ा प्रत्येक कार्य समय-सीमा, गुणवत्ता और पारदर्शिता के साथ पूर्ण होना चाहिए। बैठक में प्रगतिरत एवं शेष बचे कार्यों की ब्लॉकवार समीक्षा करते हुए निर्देश दिए गए कि जिन योजनाओं के कार्य पूर्ण हो चुके हैं, उनका तत्काल हैंडओवर सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को योजनाओं का वास्तविक लाभ मिल सके। कलेक्टर सुश्री मित्तल ने कूप गहरीकरण के कार्यों की समीक्षा करते हुए कूप बंधाई, जल गुणवत्ता परीक्षण (वाटर टेस्टिंग) एवं विद्युत कनेक्शन जैसे सभी आवश्यक कार्य प्राथमिकता से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। बैठक में स्व सहायता समूहों द्वारा की जा रही जल कर वसूली की समीक्षा करते हुए कलेक्टर सुश्री मित्तल ने कहा कि वसूली की प्रक्रिया नियमित, सुव्यवस्थित एवं पारदर्शी होनी चाहिए, जिससे ग्राम पंचायतों की जल व्यवस्था आत्मनिर्भर बन सके। बैठक में महेश्वर एवं बड़वाह में जल वितरण व्यवस्थाओं को लेकर कलेक्टर मित्तल ने गंभीरता से चर्चा की। उन्होंने निर्देश दिए कि जहां-जहां वाल मैन की उपलब्धता नहीं है, वहां तत्काल नियुक्ति की जाए। साथ ही जल निगम एवं पंचायत की संयुक्त टीम गठित कर जनसामान्य के साथ बैठक आयोजित कर मौके पर ही समस्याओं का निराकरण किया जाए। बैठक में पंचायत विभाग को निर्देशित किया गया कि नल जल उपभोक्ताओं का पंजीकरण पंचायत दर्पण पोर्टल पर अनिवार्य रूप से कराया जाए, जिससे ग्राम पंचायत स्तर पर ऑनलाइन जल कर वसूली प्रारंभ हो सके। इससे नागरिकों को डिजिटल भुगतान की सुविधा मिलेगी तथा पूरी व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित होगी। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री मिलिंद कुमार नागदेवे, समस्त जनपद सीईओ एवं पीएचई विभाग के इंजीनियर उपस्थित रहे।

# जनहित की समस्याएं हो तुरंत हल : मित्तल

## टीएल बैठक में जनकल्याण योजनाओं की प्रगति पर कलेक्टर सख्त

नवभारत न्यूज

**खरगोन, निप्र।** कलेक्टर भव्या मित्तल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागृह में समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा, राजस्व सहित विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं कार्यों की विस्तार से समीक्षा करते हुए जनहित से जुड़े मामलों में तत्परता और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।



कलेक्टर मित्तल ने कहा कि शासन की प्राथमिक योजनाओं का लाभ समय पर पात्र हितग्राहियों तक पहुँचना चाहिए, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। बैठक में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान गर्भवती महिलाओं के पंजीयन में अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त की गई और पंजीयन बढ़ाने के लिए ठोस कार्ययोजना के साथ तत्काल सुधार के निर्देश दिए गए। 28 जून को झिरन्या में महामहिम राज्यपाल के संभावित दौरे को दृष्टिगत रखते हुए स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की विशेष समीक्षा की गई। कलेक्टर सुश्री मित्तल ने निर्देश दिए कि झिरन्या में आयोजित होने वाले स्वास्थ्य शिविर में एनीमिया के लिए पृथक काउंटर लगाया जाए। साथ ही आयुष्मान, सिकल सेल, टीबी, जनरल हेल्थ, ब्लड डोनेशन कैंप एवं आधार काउंटर अलग-अलग एवं सुव्यवस्थित रूप से स्थापित किए जाएँ, ताकि आमजन को एक ही स्थान पर सभी सुविधाएँ सुगमता से उपलब्ध हो सकें। बैठक में पोषण पुनर्वास केंद्रों (एनआरसी) की समीक्षा में निर्धारित 14 दिवस से कम अवधि तक बच्चों को रखने के मामलों पर कड़ी आपत्ति जताई गई। इस पर सीडीपीओ खरगोन एवं भगवानपुरा को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। साथ ही सिविल सर्जन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी को नियमित भ्रमण कर केंद्रों की गुणवत्ता, उपचार एवं व्यवस्थाओं की सतत जांच सुनिश्चित करने को कहा गया। साथ ही आयुष विभाग को निर्देशित किया गया कि एनआरसी में रुकने वाली माताओं के लिए योग एवं स्वास्थ्य संबंधी गतिविधियों की नियमित व्यवस्था कराई जाए, जिससे माताओं व बच्चों के स्वास्थ्य में सकारात्मक सुधार हो। बैठक में सिकल सेल स्क्रीनिंग को प्रभावी बनाने के लिए भगवानपुरा एवं भीकनगांव क्षेत्रों में पृथक-पृथक विशेष शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए गए, ताकि अधिक से अधिक नागरिकों की समय पर जांच हो सके और आवश्यक उपचार सुनिश्चित किया जा सके। बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा के दौरान 03 से 06 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के आंगनवाड़ी पंजीयन में लापरवाही सामने आने पर महेश्वर, बड़वाह एवं भगवानपुरा के सीडीपीओ को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर सुश्री मित्तल ने स्पष्ट किया कि प्रारंभिक बाल देखभाल एवं पोषण शासन की प्राथमिकता है और इसमें किसी भी स्तर पर ढिलाई नहीं होनी चाहिए। बैठक में शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान पाठ्य-पुस्तकों का वितरण दो दिनों के भीतर पूर्ण करने तथा ड्रॉपआउट बच्चों की पहचान कर उन्हें पुन: विद्यालय से जोड़ने के लिए प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए गए। बैठक में राजस्व विभाग अंतर्गत नामांतरण, बंटवारा एवं सीमांकन प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर सुश्री मित्तल ने सभी प्रकरणों को समयसीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि नागरिकों को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े। बैठक में जनकल्याण शिविरों में प्राप्त आवेदनों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश सभी विभागों को दिए गए।

### मोहर्रम पर्व मनाने को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित



**गोगावा, निप्र।** 24 जून से प्रारंभ हो रहे मोहर्रम पर्व मनाने को लेकर सोमवार थाना परिसर में थाना प्रभारी दीपक यादव ने मोहर्रम कमेटी की बैठक लेकर पर्व मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक हुई।

बैठक में सदर सद्दाम लोहार नायब सदर सैयद रहीश ने बताया कि 24 जून से 26 जून तक मोहर्रम पर्व को मनाया जाएगा उधर शांति एवम सदभाव से इस गम के त्यौहार को मनाने को लेकर मुस्लिम समुदाय में बैठको का दौर जारी है वही बैठक में ग्राम पंचायत सरपंच सचिव को भी ग्राम में पानी साफ सफाई व्यवस्था हेतु दिशा निर्देश दिए गए है उधर प्रकाश व्यवस्था को लेकर जेईई मुकेश डावर को भी ग्राम में झूलते तार व विद्युत पोलो पर प्रकाश व्यवस्था को लेकर सुधार करने की बात कही गई है थाना प्रभारी दीपक यादव ने बताया कि ग्राम में गुजरी चोक में जाने वाले ताजियों का मार्ग परिवर्तन किया गया है मुस्लिम समुदाय शांति एवम सदभाव से मोहर्रम पर्व को मनाएंगे अखाडो में ज्वलनशील व धारदार हथियारों एवम ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर प्रतिबंध रहेगा बैठक के दौरान कमेटी के सदस्य आरिफ हजारी, मुबारिक शेख, उपसरपंच शाहपुरा गुलाम हुसैन, हमीद कालीगर, अदलपुरा मस्जिद कमेटी के सदर आसिफ खान हड्डी वाला, जावेद लोहार आदि सदस्य मौजूद थे।

## मोहर्रम पर्व पर शुरु हुआ अखाड़ों का दौर निकला टेकड़ी-इस्लामपुरा का अखाड़ा

**खरगोन, निप्र ।** शहर में मोहर्रम पर्व पर सोमवार से अखाड़ों का दौर शुरू हो गया है। मोहर्रम की छठी तारीख को इस्लामपुरा और टेकड़ी का अखाड़ा निकाला गया। इसमें बड़ी संख्या में युवा शामिल हुए। मोहर्रम कमेटी के नेतृत्व में निकाले गए अखाड़ों के दौरान परंपरागत मार्गो से लाठी-डंडे के साथ युवा और अखाड़ा पहलवान अपने करतब दिखाते नजर आए।



अखाड़ों अपने तय समय और तय मार्गो से निकले। विभिन्न मार्गो से होते हुए दोनो अखाड़े मोहन टॉकिज क्षेत्र पहुंचे। जहां अखाड़े पूरी रंगत पर आए। यहां अखाड़ा कलाकारों के साथ ही युवाओं, बच्चों ने भी लाठी-डंडों, भाला से हैरत अंगेज करतब दिखाई। इस दौरान डीजे पर कव्वालियां गूंजती रही। मोहर्रम कमेटी के आरिफ खान एवं साजिद शेख ने बताया कि मोहर्रम के दौरान पैगंबर मोहम्मद साहब के नवासे, हजरत इमाम हुसैन और उनके साथियों की कर्बला के मैदान में निधन हो गया था, उन्हीं की याद में ताजिये बनाए जाते है। आधुनिक दौर में मोहर्रम पर्व में डीजे, ढोल-तांशे भी शामिल कर लिए गए है। कई क्षेत्रों में यह आयोजन हिंदू-मुस्लिम एकता और भाईचारे के प्रतीक के रूप में भी देखा जाता है, जहां सभी समुदाय के लोग इसमें शामिल होते हैं। अखाड़ों के दौरान स्थानीय प्रशासन और पुलिस द्वारा व्यवस्था बनाए रखने के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

## बिस्टान नगर पंचायत में सेक्टर स्तरीय मलेरिया कार्यशाला

**बिस्टान, निप्र ।** ब्लाक मलेरिया निरीक्षक अशोक कुशवाह ने बताया कि आगामी बरसात में मौसम अनुकूल रहने से मच्छरों की तादाद बड़ जाती हैं जिससे कि मच्छजनित बीमारियों का ख़तरा बना रहता हैं व जानलेवा मलेरिया रोग के संक्रमण बढ़ने की संभावना कई गुना बढ़ जाती हैं। केवल मलेरिया से बचाव संबंधित जन जागरूकता से ही हम मलेरिया को फैलने से रोक सकते है।



डॉ. शुभम गुप्ता ने बताया कि सेक्टर के सभी ग्रामों में गठित टीम नियमित लार्वा सर्वे कर नष्ट करने के साथ ही समुदाय को जल जमाव नही होने और उचित निकासी की समझाइश दी जाए। सुपरवाइजर सुनील सोनी ने बताया कि सभी मैदानी कार्यकर्ता जान जागरूकता के तहत कूलर ,घर पर रखी टंकियां, पशु हौज को सात दिवस के अंतराल पर खाली कर सुखाकर ही भरे, ये संदेश टीम प्रत्येक घर घर जाकर दे महिला सुपरवाइजर माया कुलमी ने सभी कर्मचारियों को मलेरिया रोग से मुक्त रखने संबंधित सभी ग्रामवासियों को शपत दिलाई जाए। 22 ग्राम के स्वास्थ्य कर्मचारी, आशा कार्यकर्ता व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताएं उपस्थित रही।

## आज मंडी में नहीं होगी नीलामी

**खरगोन, निप्र ।** मध्य प्रदेश व्यापारी महासंघ के आह्वान पर 23 जून को मंडी में नीलामी कार्य बंद रहेगा। यह निर्णय मंडी शुल्क में प्रस्तावित वृद्धि के विरोध में किया गया है, जिसका सीधा असर मंडी में होने वाले व्यापार पर पड़ेगा।

मंडी समिति द्वारा जारी प्रेसनोट के अनुसार, व्यापारी एसोसिएशन के अध्यक्ष ने एक आवेदन प्रस्तुत कर बताया है कि राज्य सरकार द्वारा मंडी शुल्क को 1 रुपये प्रति सैकड़ा से बढ़ाकर 1.50 रुपये प्रति सैकड़ा करने का प्रस्ताव है। इस वृद्धि के विरोध में मध्य प्रदेश व्यापारी महासंघ ने राज्यव्यापी बंद का आह्वान किया है। इसी क्रम में खरगोन के समस्त अनाज और डालर चना व्यापारी 23 जून को मंडी नीलामी कार्य में भाग नहीं लेंगे। इस बहिष्कार के कारण, खरगोन मंडी समिति में 23 जून को अनाज, दलहन, तिलहन और डालर चना सहित सभी कृषि उपज की नीलामी प्रक्रिया पूरी तरह से बाधित रहेगी। मंडी समिति ने सभी किसानों से अपील की है कि वे असुविधा से बचने के लिए अपनी उपज विक्रय के लिए मंडी प्रांगण में न लाएं।

### आसमान पर छाए बादल कुछ बूंदें सिर्फ कुछ बरसी

**महेश्वर, निप्र ।** सोमवार लगभग शाम 4:30 बजे तेज गर्मी और उमस के बाद पश्चिम दिशा की ओर से अचानक आसमान पर काले बादल छा गए जिसे देखते ही महेश्वर वासियो और क्षेत्र के किसानों के चेहरों पर खुशी की झलक दिखाई देने लगी थी लेकिन थोड़ी देर बाद ही आसमान के बादल हवाई घोड़ो पर सवार होकर कुछ हल्की बूंदाबांदी के साथ आगे निकल गए जिससे क्षेत्र के किसानों में निराशा देखी गई ।वर्तमान दौर में बारिश लेट होने के कारण क्षेत्र के किसान भारी परेशान हो रहे हैं वहीं किसानों को फसलो के लिए बारिश की बहुत ही आवश्यकता है क्योंकि फसले पानी की कभी से सुखने लगी है।



### नपा स्वास्थ्य अधिकारी प्रकाश चित्ते ने फौजी कमलेश पटेल को किया सम्मानित

**खरगोन, निप्र ।** नगर पालिका के कर्तव्यनिष्ठ एवं संवेदनशील स्वास्थ्य अधिकारी प्रकाश चित्ते द्वारा सोमवार को पूर्व फौजी कमलेश पटेल का शाल, श्रीफल एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर भव्य सम्मान किया गया। स्वास्थ्य अधिकारी प्रकाश चित्ते जो अपनी मिलनसारिता और सामाजिक सरोकारों के लिए पूरे शहर में जाने जाते हैं। इस मौके पर कहा कि कमलेश पटेल द्वारा मातृभूमि की रक्षा में दिए गए 24 वर्ष बड़े गर्व और सम्मान की बात है। फौजी का जीवन त्याग, अनुशासन और देशभक्ति का जीवंत उदाहरण है। प्रकाश चित्ते ने हमेशा की तरह इस बार भी अपनी सहृदयता का परिचय देते हुए कहा कि समाज के वीर सपूतों का सम्मान करना हमारा नैतिक दायित्व है। उन्होंने यह भी कहा कि सेना से सेवानिवृत्त होने के बाद भी फौजी युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा बने रहते हैं। नगर में स्वच्छता और स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा देने वाले प्रकाश चित्ते की इस पहल की सभी ने मुक्त कंठ से सराहना की। सम्मान समारोह में स्थानीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे और फौजी कमलेश पटेल के जज्बे को सलाम किया।



## कुपोषित बच्चों के उपचार को एनआरसी वार्ड की मांग

**बड़वाह, निप्र ।** क्षेत्रवासी कुपोषित बच्चों की चिकित्सा एवं देखरेख के लिए स्थानीय सिविल अस्पताल में 20 बिस्तरीय एनआरसी वार्ड की मांग लंबे समय से कर रहे हैं। वर्तमान में क्षेत्र के कुपोषित बच्चों को चिकित्सा हेतु सनावद ले जाना पड़ता है।

विधायक सचिन बिरला ने जिला कलेक्टर और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को पत्र लिख कर बड़वाह के सिविल चिकित्सालय में 20 बिस्तरों के एनआरसी वार्ड (पोषण पुनर्वास केंद्र) की स्थापना की मांग की है। पत्र में कहा गया है कि बड़वाह में एनआरसी वार्ड नहीं होने के कारण बड़वाह नगर एवं सुदूरवर्ती ग्रामीण तथा आदिवासी ग्रामों के कुपोषित एवं बीमार बच्चों को लंबा सफर तय कर सनावद स्थित एनआरसी केंद्र में लाना पड़ता है। इस कारण कुपोषित बच्चों के पालकों को बड़ी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है और गरीब परिवारों पर आर्थिक बोझ बढ़ता है। बड़वाह क्षेत्र की जनसंख्या को दृष्टिगत रखते हुए सिविल अस्पताल बड़वाह में 20 बिस्तरीय एनआरसी वार्ड की अत्यंत आवश्यकता है। सविल अस्पताल में एनआरसी वार्ड की स्थापना से बड़वाह क्षेत्र के कुपोषित व बीमार बच्चों को शीघ्र एवं आसानी से उपचार मिल सकेगा।

### मंदिर स्थापना दिवस पर सुंदरकांड-भंडारा



**कसरावद, निप्र ।** क्षेत्र के चिचलाय ग्राम स्थित संकटमोचन श्री भलाटिया हनुमानजी मंदिर में श्रद्धा और भक्ति का महोत्सव धूमधाम से मनाया गया।

पावन तपोभूमि एवं श्रद्धा के प्रमुख केंद्र संकटमोचन श्री भलाटिया हनुमानजी मंदिर में स्थापना दिवस उपलक्ष्य में इस वर्ष भी भव्य धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्रात: 10 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जो शाम तक चलता रहा। जिसमें सभी श्रद्धालुओं एवं ग्रामवासियों ने बड़ी संख्या में प्रसादी ग्रहण की मंदिर समिति ने बताया कि स्थापना दिवस पर प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले इन धार्मिक कार्यक्रमों का उद्देश्य समाज में आध्यात्मिक चेतना, सेवा एवं सद्भावना का संदेश प्रसारित करना है।

**एक नजर में** | **जेआईटी बोरावा में व्यापक रक्तदान जागरूकता अभियान आयोजित**

## रक्तदान महादान ... जीवन बचाने का संकल्प

नवभारत न्यूज

**खरगोन, निप्र ।** 36 एमपी एनसीसी बटालियन खंडवा के पीआई स्टाफ, एनसीसी अधिकारियों एवं कैडेट्स द्वारा रक्तदान महादान की भावना को सशक्त रूप देते हुए जेआईटी कॉलेज बोरावा में व्यापक रक्तदान जागरूकता अभियान चलाया गया।

कार्यक्रम कंबाइंड एनुअल ट्रेनिंग कैंप -76 के अंतर्गत संपन्न हुआ, जिसमें जिला अस्पताल खरगोन की ब्लड बैंक टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य एनसीसी कैडेट्स को रक्तदान के महत्व, सामाजिक दायित्व और मानव जीवन की रक्षा में इसकी भूमिका से अवगत कराना रहा। जिला अस्पताल की टीम ने कैडेट्स को बताया कि रक्तदान ऐसा महादान है, जिसके माध्यम से जरूरतमंद मरीजों का जीवन बचाया जा सकता है। रक्त का कोई कृत्रिम विकल्प उपलब्ध नहीं होने के कारण अस्पतालों में रक्त की आपूर्ति केवल स्वैच्छिक रक्तदाताओं पर ही निर्भर रहती है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि स्वस्थ व्यक्ति द्वारा किया गया रक्तदान पूरी तरह सुरक्षित होता है और इससे शरीर पर किसी प्रकार का नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ता।






इस अवसर पर कमान अधिकारी कर्नल के. राजेश ने अपने संदेश में कहा कि एनसीसी कैडेट्स सदैव समाज सेवा और राष्ट्र सेवा के लिए तत्पर रहते हैं। रक्तदान मानवता की सर्वोच्च सेवा है और युवाओं को इसके प्रति जागरूक होकर आगे आना चाहिए। उन्होंने कैडेट्स से भविष्य में नियमित स्वैच्छिक रक्तदाता बनने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान रक्तदान से जुड़ी भ्रांतियों को दूर किया गया तथा इसके स्वास्थ्य लाभों की विस्तार से जानकारी दी गई। कैडेट्स को बताया गया कि एक यूनिट रक्त से कई मरीजों की जान बचाई जा सकती है तथा दुर्घटना, शल्य चिकित्सा एवं गंभीर बीमारियों के समय रक्तदान जीवनरक्षक सिद्ध होता है।